C M Y K

रायगढ़, शुक्रवार
22.6.2018
पृष्ठ 8, मूल्य 3

साप्ताहिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी - अधिकार से न्याय तक जल्द दैनिक हो रहा है। जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

Web: www.nyaysakshi.com 4 में पढ़ें- प्रादेशिक .... 6 में पढ़ें- फिल्मी मनोरंजन .... » वर्ष-2 » अंक - 29 »

## महत्वपूर्ण एवं खास

### भीषण सड़क हादसे में 12 की मौत 9 घायल

मुरैना (आरएनएस)। मुरैना में हुए भीषण सड़क हादसे में 12 लोगों की मौत हो गई और 9 लोग घायल हो गए। घायलों में कुछ की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसा उस वक्त हुआ जब जीप रेत से भरे ट्रैक्टर से टकरा गई। दुर्घटना गंजरामपुर मोड़ पर हुई। मृतक और घायल सभी रिश्तेदार हैं और एक शवयात्रा में शामिल होने के लिए जा रहे थे। सभी लोग ग्वालियर के बड़ेरा गांव के रहने वाले थे और मुरैना के गुरगान गांव में जा रहे थे, जहां करंट लगने से एक लड़की की मौत हो गई थी।

### एयरपोर्ट पर सोना तस्करी के बड़े रैकेट का भंडाफोड़

**बाप-बेटे समेत 8 लोगों को किया गिरफ्तार**

नई दिल्ली (आरएनएस)। एक साल में 100 किलोग्राम सोने की तस्करी कर चुके बड़े सिंडिकेट को डीआरआइ (राजस्व खुफिया निदेशालय) की टीम ने धर दबोचा है। यह सिंडिकेट दिल्ली, ढाका अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर सक्रिय था। सिंडिकेट में लिप्त बाप-बेटे की जोड़ी समेत आठ लोग गिरफ्तार हुए हैं। टीम ने इनसे 2.1 किलोग्राम सोना भी बरामद किया है। इसका अनुमानित बाजार मूल्य 2.1 करोड़ रुपये है। डीआरआइ के हत्थे चढ़े पिता-पुत्र बड़े कारोबारी हैं। इनका सिंडिकेट पिछले एक साल से सोने की तस्करी में लिप्त था। इनके सिंडिकेट की पहुंच ढाका अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे, बांग्लादेश और इंदिरा गांधी इंटरनेशनल (आइजीआइ) हवाई अड्डे दिल्ली तक थी। दिल्ली के माध्यम से ये तस्कर अब तक 100 किलोग्राम सोने की तस्करी कर चुके हैं। जांच में डीआरआइ को कुछ आतंकवादियों की भागीदारी की जानकारी भी मिली है, जिन्हें नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) से पहचान पत्र जारी किए गए थे। तस्कर पिता-पुत्र के कुछ एजेंट दिल्ली, राजस्थान और आस-पास के क्षेत्रों में फैले हुए हैं। पता चला है कि सिंडिकेट का हिस्सा बनने वाले लोगों का एक और समूह दुबई में स्थित है और सोने की खरीद में शामिल है। जून माह में ही इस सिंडिकेट ने दिल्ली हवाई अड्डे के माध्यम से लगभग 23 किलोग्राम सोने की तस्करी की है।

### गैंगवार के डर से गांव वालों ने खुद को अपने घरों में किया कैद

नई दिल्ली (आरएनएस)। बाहरी दिल्ली के ताजपुर कलां गांव के तमाम लोगों ने खुद को अपने घरों में कैद कर लिया है। अधिकतर लोग या तो घरों के अंदर ही रहते हैं या फिर अस्थायी तौर पर पलायन कर लिया है। उत्तरी दिल्ली के संत नगर में 16 साल के मुकुल को 18 गोलियां मारकर जघन्य हत्या किए जाने के बाद से गांव में दहशत का माहौल है। किशोर मुकुल की इसलिए हत्या कर दी गई क्योंकि वह जितेंद्र गोगी गैंग के प्रतिद्वंद्वी गैंग के सुनील बालयान उर्फ टिल्लू का भतीजा था। गांव के किनारे पर ही गैंगस्टर टिल्लू का घर है, जिसका बरसों से जितेंद्र गोगी गैंग से विवाद रहा है। बीते दो सालों से वह सोनीपत जेल में बंद है, लेकिन दोनों गैंगों के बीच खूनी रंजिश जारी है। परिवार को सुरक्षा का डर सता रहा है। गांव में प्रवेश करते ही एक गड्ढा इस तरह से खोद दिया गया है ताकि कोई भी अज्ञात वाहन रुक जाए। यही नहीं टिल्लू के घर की तरफ जाने वाली गली पर करीब आधा दर्जन सीसीटीवी कैमरे लगे हैं और 10 सुरक्षा गार्ड हमेशा पट्रोलिंग पर रहते हैं। 1989 में जन्मे टिल्लू ने पढ़ाई बीच में ही छोड़ दी और सुनील मान जैसे लोगों से दोस्ती कर ली, जिसने लोकसभा कैंडिडेट दीपक भारद्वाज की 2013 में हत्या की थी। इसके बाद उसने अपराध का रास्ता ही नहीं छोड़ा। बीते 5 साल पहले उसका गोगी गैंग से विवाद शुरू हुआ था। बीते साल से तो टिल्लू के परिवार को भी गोगी ने निशाने पर ले रखा है। यहां तक कि डीटीसी के एंप्लॉयी रहे टिल्लू के बड़े भाई अनिल ने नौकरी तक छोड़ दी और घर पर ही रहते हैं।

### आरक्षक पर हमला के सात आरोपी गिरफ्तार

कोरबा (आरएनएस)। दस दिन पहले दीपका खदान में रात को ड्यूटी के दौरान सीआइएसएफ के एक आरक्षक को दो दर्जन डीजल चोरों ने हमला कर दिया था। आरक्षक से वॉकी-टॉकी छीनकर क्षतिग्रस्त कर दिया था। वर्कशॉप से 10 मीटर केबल वायर की चोरी कर ली गई थी। क्राइम ब्रांच की टीम ने मामले में सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ दीपका पुलिस पहले ही मामला दर्ज कर चुकी थी। दीपका खदान के पास न्यू वर्कशॉप में सीआइएसएफ के आरक्षक धनंजय कुमार 9 जून की रात को ड्यूटी पर तैनात था। इसी दौरान दो दर्जन केबल चोर वर्कशॉप के मेनगेट से अंदर आए और धनंजय कुमार को पकड़ लिया और मारपीट करते हुए वॉकी.टॉकी को तोड़ दिए। आरक्षक को चोरों ने बांधकर एक कमरे में बंद कर दिया। वहां रखे 10 मीटर केबल वायर की चोरी कर फरार हो गए। इसकी शिकायत दीपका थाने में दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 447, 353, 332, 395, 412 के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना कर रही थी।

# पूरी दुनिया योगमय, बाबा रामदेव ने बनाया वर्ल्ड रिकार्ड

नई दिल्ली (आरएनएस)। साल के सबसे लंबे दिन यानी 21 जून को पूरी दुनिया में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देहरादून में करीब 55 हजार लोगों के साथ बैठकर योगासन कर किया। यह योग फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट (एफआरआई) के प्रांगण में किया गया। वहीं कोटा में बाबा रामदेव 2.5 लाख लोगों के साथ योग कर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया।

- दिल्ली स्थित अमेरिका के दूतावास में भी योग दिवस के प्रति गजब का क्रेज देखने को मिला। दूतावास के कर्मियों ने जमकर योगासन किए।

-भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के जवानों ने 18,000 फीट की ऊंचाई पर लद्दाख के ठंडे रेगिस्तान में सूर्य नमस्कार किया।

-आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू अमरावती में योग करते हुए।

-गृहमंत्री राजनाथ सिंह दो दिनों लखनऊ दौरे पर हैं। उन्होंने लखनऊ स्थित राजभवन में योग कर रहे हैं। यहां उनके साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद हैं। यहां उन्होंने कहा कि योग हमारे प्रधान मंत्री की सांस्कृतिक कूटनीति का एक उदाहरण है।

-मुंबई में महाराष्ट्र के राज्यपाल सी विद्यासागर राव ने राजभवन में योगासन किए।

-पूर्वी नौसेना कमांड के जवान विशाखापत्तनम में बंगाल की खाड़ी में आईएनएस ज्योति पर योग कर रहे हैं। इसमें पूर्वी नौसेना कमान के पनडुब्बी में तैनात जवानों ने भी भाग लिया।



-नौसेना के जवान केरल के कोच्चि में आईएनएस जमुना पर योगासन कर रहे हैं।

-आंध्र प्रदेश में वाइस एडमिरल करमबीर सिंह, पूर्वी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ और नौसेना के कर्मी विशाखापत्तनम में पूर्वी नौसेना कमान में योग कर रहे हैं।

-राजस्थान के कोटा में बाबा रामदेव, आचार्य बालकृष्ण और मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे में योगासन कर रहे हैं।

-पीएम मोदी ने कहा कि योग अच्छे स्वास्थ्य और खुशहाली के लिए दुनिया का सबसे बड़ा जन आंदोलन बन गया है।

-पीएम मोदी ने कहा हि आज देहरादून से लेकर डबलिन तक, शंघाई से शिकागो तक योग ही योग है। योग पूरी दुनिया को जोड़ रहा है।

कौन कहां पर मौजूद
राजनाथ सिंह- लखनऊ
नितिन गडकरी- नागपुर
सुरेश प्रभु- चेन्नई
उमा भारती- रुद्रप्रयाग
रामविलास पासवान- हाजीपुर
रविशंकर प्रसाद- पटना


इससे पहले सुबह साढ़े छह बजे पीएम मोदी भारतीय वन अनुसंधान संस्थान (एफआरआइ) देहरादून परिसर पहुंचे। लोगों ने तालियों से पीएम का अभिनंदन किया। इस दौरान सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत ने चतुर्थ अंतराष्ट्रीय योग की मेजबानी उत्तराखंड को मिलनी गौरव की बात है। कहा आपका (मोदी) का इस देवधरा से विशेष लगाव है, इस लिए आप हमारी चिंता करत हैं। मेजबानी के लिए सीएम ने पीएम मोदी का धन्यवाद किया। इस मौके पर पीएम मोदी ने देशवासियों को दी चौथे अंतराष्ट्रीय योग दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि बिखराव के युग में योग जोड़ने का काम करता है।

### चीन ने अपने राजदूत के बयान से दूरी बनाई, कहा- आपसी वार्ता से ही भरोसा बढ़ाएं भारत-पाक

बीजिंग (आरएनएस)। भारत के विरोध के बाद चीन ने अपने राजदूत के उस बयान से दूरी बना ली है जिसमें विवादों को सुलझाने के लिए भारत, पाकिस्तान और चीन के बीच वार्ता की वकालत की गई थी। बातचीत का यह मंच शंघाई सहयोग संगठन से इतर बनाने का सुझाव दिया गया था। चीन ने साफकिया है कि वह भारत और पाकिस्तान की द्विपक्षीय वार्ता का पक्षधर है। दोनों देशों को आपस में वार्ता करके परस्पर विश्वास बढ़ाना चाहिए।

भारत में चीन के राजदूत ल्यूओ झाओहुई ने सोमवार को त्रिपक्षीय सहयोग का विचार प्रस्तुत किया था। कहा था कि तीन देशों के इस वार्ता मंच से नई दिल्ली और इस्लामाबाद के बीच की समस्याएं सुलझेंगी तथा दोनों के बीच शांति स्थापित होगी।

### मात्र 25 फीसद भारतीय ही करते हैं इंटरनेट का उपयोग



सैन फ्रांसिस्को (आरएनएस)। डिजिटल इंडिया को लेकर जोर आजमाइश के बावजूद 2017 में देश में केवल एक चौथाई लोगों ने इंटरनेट का प्रयोग किया। प्यू रिसर्च सेंटर के एक नए अध्ययन में इस बात का पता चला है। अध्ययन के मुताबिक, भारत दुनिया में सबसे कम इंटरनेट उपयोग करने वाले देशों में से एक है। 37 देशों की सूची में दक्षिण कोरिया पहले स्थान पर है। दक्षिण कोरिया में 96 फीसद वयस्कों ने इंटरनेट का प्रयोग किया।

### कार और ट्रक की भिड़ंत में 2 लोगों की मौत, 6 घायल

कोंडागांव। कोंडागांव जिले से सड़क दुर्घटना की बड़ी खबर सामने आ रही है। गुरुवार को कार और ट्रक में हुई आमने-सामने की जबर्दस्त टक्कर में 2 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है। वहीं 6 लोग गंभीर रूप से घायल हैं, जिन्हें पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने किसी तरह से उन्हें अस्पताल भेजा, जहां पर घायल लोगों का इलाज चल रहा है।

## उरुग्वे के बाद गांजा को वैध बनाने वाला दुनिया का दूसरा देश बना कनाडा

कनाडा (आरएनएस)। मारिजुआना को वैध बनाने वाले जी-7 राष्ट्र के बाद कनाडा दुनिया का दूसरा देश है। दिसंबर 2013 में सबसे पहला देश उरुग्वे ने मारिजुआना के उत्पादन, बिक्री और खपत को वैध किया था। अब कनाडा में मारिजुआना को वैध बनाने वाला विधेयक पारित किया गया है। पड़ोसी अमेरिका के कोलंबिया में मारिजुआना के इस्तेमाल की अनुमति है। प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के द्वारा एक कैंपेन का आयोजन हुआ जिसमें कम उम्र के यूजर्स से मारिजुआना को दूर रखने और अपराध को कम करने का लक्ष्य रखा गया। इस कैंपेन के बाद विधेयक सी-45 जिसे कैनाबिस एक्ट के तौर पर भी जाना जाता है, को बनाया गया। मारिजुआना पॉलिसी प्रोजेक्ट के अनुसार, कनाडा के संविधान में कैनाबिस एक्ट के तहत देश के सभी प्रांतों को मारिजुआना बिजनेस को नियमित बना लाइसेंस देने की अपनी व्यवस्था कायम करने की अनुमति है। राष्ट्रीय ढांचे के तहत व्यस्कों को 30 ग्राम मारिजुआना लेने की अनुमति होगी। प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो सरकार ने उम्मीद जतायी थी इसे 1 जुलाई तक वैध कर दिया जाएगा लेकिन बुधवार को उन्होंने कहा कि पूरे देश में इसे 17 अक्टूबर तक वैध किया जाएगा।

## मनजिंदर सिंह सिरसा ने केजरीवाल को बताया, '9 दिन नौटंकी कंपनी'

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली के अकाली दल के विधायक मनजिंदर सिंह सिरसा ने सीएम अरविंद केजरीवाल पर तंज कसते हुए होर्डिंग लगवाया है। कनॉट प्लेस में लगे पोस्टर में अरविंद केजरीवाल समेत 'आप' के कई नेताओं की ओर से एलजी दफ्तर में धरना देने पर निशाना साधा गया है।

पोस्टर में 'आप' नेताओं को '9 दिन की नौटंकी' करार दिया गया है। पोस्टर में तंज कसते हुए कहा गया है, 'नौटंकी और खलल डालने के लिए संपर्क करें।' पोस्टर में सीएम अरविंद केजरीवाल और डेप्युटी मनीष सिसोदिया को नौटंकी कंपनी का कलाकार दिया गया है। यही नहीं 'आप' नेताओं को नौटंकी कंपनी बताते हुए उनका पता वेटिंग रूम, एलजी हाउस बताया गया है, जबकि ब्रांच ऑफिस बेंगलुरु में बताया गया है। गौरतलब है कि एलजी हाउस में धरना खत्म होने के बाद अरविंद केजरीवाल अब 10 दिन के लिए बेंगलुरु जा रहे हैं।

### सेमरताल, गतौरी क्षेत्र मे बारिश ने बरपाया कहर.आंधी तूफान ने कई लोगों का आशियाना उजाड़ा


बिलासपुर। शहरी क्षेत्र में बुधवार को जहां सिर्फ गरज और चमक के साथ बदली छाई रही वही आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बारिश और आंधी तूफान ने जमकर कहर बरपाया है। रतनपुर मार्ग के गतौरी, सेमरताल, पौसरा, मोहतराई समेत चार पांच गांव में आंधी तूफान के चलते कई लोगों के घर उजड़ गए हैं। बताया जा रहा है कि लेंटर वाले घरों मे तक भारी नुकसान हुआ है।कई जगह बड़े बड़े पेड़ उखड़कर मकानों के ऊपर जा गिरे हैं ,जिससे घरों की दीवार क्षतिग्रस्त हो गई है।आंधी और तेज हवा के साथ बारिश होने से लोगों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से इस प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान की भरपाई करने और मुआवजा दिए जाने की मांग की है। बहरहाल समाचार लिखे जाने तक प्रशासन का कोई भी अधिकारी या जिम्मेदार कर्मचारी इन ग्रामीण क्षेत्रों तक नहीं पहुंच सका है।

### मानव तस्करी के खिलाफ जागरूक करने वाली 5 लड़कियों को अगवा कर सामूहिक दुष्कर्म

खूंटी (आरएनएस)। झारखंड के खूंटी में मानव तस्करी के खिलाफ जागरूक करने वाली पांच लड़कियों को अगवा कर उनके साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। एसपी ने इस घटना की पुष्टि की है। खबर से पुलिस और प्रशासनिक अफसरों में हड़कंप मच गया है। मामले की जांच को डीआइजी खूंटी पहुंच गए हैं। वह उपायुक्त के साथ बंद कमरे में मीटिंग कर रहे हैं। गौरतलब है कि खूंटी में हाल में पुलिस प्रशासन की पकड़ ढीली हुई है। यहां पत्थलगड़ी के नाम पर गांवों में पुलिस और प्रशासन को प्रवेश से रोका जाता है। ऐसे में यहां असामाजिक तत्व सक्रिय हैं। खूंटी जिले से मानव तस्करी की शिकायतें अक्सर आतीं सामने। यहां की बेटियों को महानगरों में बेचा जाता है। वहां वे घरों में दाई का काम करती हैं। उनके शारीरिक शोषण के भी कई मामले सामने आए हैं। इसे लेकर ही यहां जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

## लालू यादव को सजा सुनाने वाले जज के घर में चोरी

उरई (आरएनएस)। जालौन कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शेखपुर खुर्द में बुधवार रात चोरों ने झारखंड में तैनात सीबीआइ कोर्ट के जज शिशुपाल सिंह के घर हाथ साफ कर दिया। राजद सुप्रीमो लालू यादव को सजा सुनाने वाले जज के घर में चोरी की घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम समेत कोतवाल जाच के लिए घटना स्थल पर पहुंचे। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताते चलें कि गाव में जज के भाई सुरेंद्र पाल सिंह परिवार के साथ रहते हैं। बुधवार को सुरेंद्र प्रताप सिंह व उनकी बहन रितुराजा घर पर मौजूद थीं। उनकी पत्नी बाहर गई हुई हैं। आधी रात के लगभग चोर छत के रास्ते घर में घुस आए। कमरे का ताला तोड़ कर अंदर घुसे चोरों ने अलमारी और बक्से का ताला तोड़ा दिया। वहां से चोर चालीस हजार की नकदी, बहन रितुराजा के 15 हजार नकद, सोने की अंगूठी, जंजीर व चूड़िया, सुरेंद्र की पत्नी की अंगूठी, टॉप्स, जंजीर व चादी का सामान चोरी कर ले गए। सुबह जब परिजनों की नींद खुली तब उन्हें घटना का पता चला। आनन-फानन पुलिस को चोरी की सूचना दी गई। सूचना मिलते ही कोतवाल संजय गुप्ता व एसडीएम भैरपाल सिंह मौके पर पहुंचे और जाच पड़ताल शुरू की।



**तत्काल आवश्यकता है**
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्प्यूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

**ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग**
वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन "हेडलबर्ग" से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....
न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

C M Y K